सुनलो अर्जी मेरी खाटू वाले,
तुझको फरियाद दिल की सुनाऊं,
छोड़ दी कश्ती तेरे हवाले,
पार कर दे या मुझको डुबो दे,
दिल भी जिद पे अड़ा है ये प्यारे,
छोड़कर तेरा दर मैं ना जाऊं,
सुन लो अर्जी मेरी खाटू वाले,
तुझको फरियाद दिल की सुनाऊं।।

तर्ज भरदो झोली मेरी या।

एक तेरे भरोसे पे बाबा,
तोड़ रिश्ते तमाम आ गया हूँ,
एक सिवा तेरे कोई ना दूजा,
मैं शरण तेरी श्याम आ गया हूँ,
तु ही मेरा आसरा है,
तु ही है दिलासा,
तु ही समझे है बाबा,
दिल की ये भाषा,
कर दो रेहम अब तो,
मुझपे भी जरा सा,
तु तो हारे का साथी है बाबा,
तेरे होते मैं कैसे हार जाऊं,
सुन लो अर्जी मेरी खाटू वाले,
तुझको फरियाद दिल की सुनाऊं।।

तुने लाखों की बिगड़ी सवारी,
काम क्यों फिर मेरा टल रहा है,
तेरे भक्तो का परिवार बाबा,
तेरे ही रहमत पे ही पल रहा है,
मेरी ये जिंदगी भी तेरे हवाले,
तू ही रखवार मेरा तु ही संभाले,
सुनले अरज मेरी ओ खाटू वाले,
तू अगर ना सुनेगा जो मेरी,
बात किसको मैं दिल की सुनाऊं,
सुन लो अर्जी मेरी खाटू वाले,
तुझको फरियाद दिल की सुनाऊं।।

मैंने सबसे सुना है ये बाबा,
दु:खियों को तुम गले से लगाते,
ऐसा क्या मैंने तुमसे हैं मांगा,
देने में जो प्रभु घबराते,
तुम ना बनाओगे जो,
काम हमारा,
होगा बदनाम बाबा,
नाम तुम्हारा,
कोई कहेगा ना तुम्हे,
हारे का सहारा,
सोनू की बात सुनलो आ बाबा,
तब तलक तुमको रिझाऊं,
सुन लो अर्जी मेरी खाटू वाले,
तुझको फरियाद दिल की सुनाऊं।।

सुनलो अर्जी मेरी खाटू वाले,

तुझको फरियाद दिल की सुनाऊं,
छोड़ दी कश्ती तेरे हवाले,
पार कर दे या मुझको डुबो दे,
दिल भी जिद पे अड़ा है ये प्यारे,
छोड़कर तेरा दर मैं ना जाऊं,
सुन लो अर्जी मेरी खाटू वाले,
तुझको फरियाद दिल की सुनाऊं।।

Singer : Ginny Kaur

Source: https://www.bharattemples.com/sunlo-arji-meri-khatu-wale/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw